मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 | अंक : 161 | रविवार 14 सितंबर 2025 | पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

राजनीति में आने से नुकसान हुआ : स्मृति

# हुक्का पार्लरों के लाइसेंस रद्द होंगे

**उल्हासनगर.** राज्य के शहरी क्षेत्रों में हुक्का पार्लरों की संख्या बढ़ती जा रही है। हुक्का पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के कारण, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले मानसून सत्र में इन हुक्का पार्लरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत, गृह विभाग द्वारा एक परिपत्र जारी कर तीन बार कार्रवाई किए गए हुक्का पार्लरों के लाइसेंस रद्द करने के आदेश दिए गए हैं। आज का युवा वर्ग नशे की लत की ओर आकर्षित हो रहा है। ऐसे में युवा पीढ़ी का मानना है कि हुक्का पीने से उनकी नज़र में रुतबा बढ़ता है। इन हुक्का पार्लरों में आने वाले युवाओं में लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की संख्या भी अच्छी-खासी है।

हुक्का के साथ-साथ गांजा, हशीश, हेरोइन जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री और सेवन के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। पुलिस ने करोड़ों रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए है. साथ ही, मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मानसून सत्र में कहा कि जिन जगहों पर हुक्का पार्लर चल रहे हैं, उन्हें तुरंत बंद किया जाना चाहिए और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



### उल्हासनगर में भी चोरी छिपे मिल रहा हुक्का

उल्हासनगर शहर के कुछ होटलों में और घरों में पार्टी करने के लिए हुक्का धड़ल्ले से मिल रहा है। पता चला है कि शहर में कुछ छोटी होटलों और शहर की सीमाओं पर देर रात यहां युवा डीजे की धुनों पर हुक्के का सेवन कर रहे हैं। हुक्के के साथ ई-सिगरेट जिसे वैप कहा जाता है वो भी गैरकानूनी है इसका भी कारोबार हो रहा है। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल-4 में जितने भी हुक्का पार्लर हैं और ई-सिगरेट वैप बेचने के ठिकाने हैं उन पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि यहां पर आकर युवा बर्बाद हो रहे हैं और ड्रग्स के आदि बनते जा रहे हैं।

### संबंधित प्रशासन द्वारा पत्राचार किया जाए

आदेश के बाद, विभाग ने सभी पुलिस को एक आदेश दिया है। जिन हुक्का पार्लरों पर तीन या अधिक बार कार्रवाई की गई है, उनके लाइसेंस रद्द करने के लिए संबंधित प्रशासन द्वारा पत्राचार किया जाए। गृह विभाग के इस आदेश के तहत कार्रवाई होने पर, फिर से शुरू हो रहे हुक्का पार्लरों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। शहर के कुछ हुक्का पार्लर चोरी-छिपे चल रहे हैं। कुछ हुक्का पार्लरों में आने वाले ग्राहकों के मोबाइल कैमरे पर पट्टी बाँधकर अंदर आने दिया जाता है, ताकि कोई अपने मोबाइल फोन में वीडियो न बना सके। हुक्का पार्लर भी इसका ध्यान रखते हैं। हालाँकि, यह देखना बाकी है कि पुलिस इन चोरी-छिपे चल रहे हुक्का पार्लरों पर क्या कार्रवाई करती है और उन्हें कैसे बंद कराती है।

### राज्य के गृह विभाग द्वारा दिए गए आदेश...

- संबंधित प्राधिकारी द्वारा पार्लर का लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। जिन हुक्का पार्लरों पर पुलिस विभाग द्वारा तीन बार से अधिक कार्रवाई की जा चुकी है, उनका लाइसेंस संबंधित प्राधिकारी द्वारा रद्द किया जाना चाहिए।
- संबंधित हुक्का पार्लरों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण (जांच रिपोर्ट, एफआईआर की प्रति, पंचनामा आदि) संकलित करके जिला पुलिस अधीक्षक/पुलिस आयुक्त कार्यालय के माध्यम से लाइसेंसिंग प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- लाइसेंसिंग प्राधिकारी को कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत करते समय यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए कि तीन बार से अधिक कानूनी कार्रवाई की गई है।
- संबंधित क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी नियमित निगरानी रखें और सुनिश्चित करें कि ऐसे अवैध हुक्का पार्लर न खुलें।
- उपरोक्त निर्देशों के पालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह विभाग के माध्यम से संबंधित इकाइयों को भी ऐसे निर्देश दिए गए हैं।

## गणेश भक्त पर जानलेवा हमला, 1 गिरफ्तार

- कैम्प-4 की घटना
- विट्ठलवाड़ी पुलिस में मामला दर्ज
- पुराने विवाद पर किया हमला
- अन्य आरोपी फरार



**उल्हासनगर.** गणपति विसर्जन के बाद साईनाथ मित्र मंडल के कार्यकर्ताओं पर हुए हमले से शहर में भारी हड़कंप मच गई है। घटना उल्हासनगर कैंप-4 स्थित संतोषनगर शिवसेना शाखा के पास हुई।

मिली जानकारी के अनुसार यश प्रमोद पांडे अपने दोस्त हर्ष गायकवाड़ और सोनू करोसिया के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए राहुल ठाकुर उर्फ बाबू, तुषार गोदांबे उर्फ गोट्या और उनके साथियों ने उनसे बहस की। शुरुआत में हुई मामूली बहस के बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता के दोस्त सनी कधारे पर चॉपर और लाठियों से हमला कर दिया और उसे जान से मारने की कोशिश की।

हमले में हर्ष गायकवाड़ गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत के आधार पर विट्ठलवाड़ी पुलिस ने तुषार गोदांबे को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों पर पहले से ही आधा दर्जन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं।

## अजीबोगरीब हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप-3 स्थित छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर पर गुरुवार रात हुए एक भीषण हादसे ने शहर में हड़कंप मचा दिया। उल्हासनगर मनपा की एक एम्बुलेंस, एक रिक्शा और एक मोटरसाइकिल की तिहरी टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

उल्हासनगर कैंप-3 स्थित छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर पर गुरुवार देर रात हुई तिहरी टक्कर ने लोगों की सांसें रोक दीं। उल्हासनगर मनपा की एक एम्बुलेंस और विपरीत दिशा से आ रहे एक रिक्शा में टक्कर हो गई। अचानक हुए इस हादसे के कारण एम्बुलेंस चालक ने ब्रेक लगाए, लेकिन उसी समय पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ने एम्बुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। इस तिहरी टक्कर में रिक्शा चालक, उसमें सवार दो यात्री और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

## हमारे पैनल की बदौलत बना शिवसेना का महापौर -गंगोत्री

**मनपा चुनाव** गंगोत्री को फिर से राकांपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर शहर की राजनीति में हलचल तेज

**उल्हासनगर.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष अजित पवार गुट के उल्हासनगर जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भारत (गंगोत्री) राजवानी का कल भव्य सत्कार समारंभ रखा गया था जहां आगामी मनपा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक का आयोजन किया गया था। राकांपा मुख्यालय में हर वर्ग के कार्यकर्ताओं में आगामी मनपा चुनाव से पूर्व उत्साह देखा गया कई इच्छुक उम्मीदवार व अन्य पार्टी के कार्यकर्ता भी इस सत्कार समारंभ में उपस्थित थे। इससे यह जाहिर है कि गंगोत्री को राकांपा का दोबारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान श्री गंगोत्री ने कहा कि मनपा के अंतिम कार्यकाल में जो शिवसेना का महापौर बना वो उन्हीं के पैनल के बदौलत बना था वरना शिवसेना अल्पमत में थी।







ऐसे में गंगोत्री इस बार सत्ता की चाबी रख सकते हैं जिस कारण भाजपा व शिवसेना उनसे गठबंधन के लिए प्रयास करेंगे।

उल्हासनगर महानगरपालिका 2017 के चुनाव में भारत गंगोत्री के नेतृत्व में राकांपा का पूरा पैनल 17 जीत लिया था। ऐसे में 17 पैनल शहर की राजनीति पर बड़ा प्रभाव डालता है। इस बार भी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण राकांपा के पूर्व नगरसेवक को भाजपा में प्रवेश कराने के लिए उनके निवासस्थान तक आए थे लेकिन वो पूर्व नगरसेवक अभी अपने बिखरे हुए वार्ड को ही चार वार्डों में ढूंढ रहे हैं। ऐसे में पैनल 17 और गंगोत्री की रणनीति शहर की राजनीति पर बड़ा असर करेगी ऐसा समझा जा रहा है। गंगोत्री ने आगामी चुनाव में अपने परिवार के करीब 3 सदस्यों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है और पैनल 16, 17 व 19 में चुनावी मैदान में वो देखने को मिलेंगे। गंगोत्री ने शहर की खस्ता हालत पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारे पुराने नेताओं के कारण आज शहर की खस्ता हालत है जिस कारण शहरवासी पलायन कर रहे हैं। प्रापर्टी के दामों में भी गिरावट का भी यही नतीजा है।

## महावितरण ने खुले डीपी बॉक्स पर ढक्कन लगाया

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम स्टेशन रोड पर महावितरण द्वारा लगाया गया बिजली का विद्युत प्रवाह का बॉक्स खुला होने से किसी विद्यार्थी अथवा पादचारी की जान जा सकती है.

दै. उल्हास विकास में इस खबर के प्रकाशित होने के बाद महावितरण अंबरनाथ की कार्यकारी अभियंता अलका कवाले ने गंभीरता को देखते हुए अपने कर्मचारियों को भेजकर एक दिन के भीतर इस खुले डीपी बॉक्स पर ढक्कन लगा दिया है. ये डीपी बॉक्स भीड़भाड़ वाले स्टेशन रोड पर पटेल लो प्राइज के बाजू में है. इस बॉक्स में से कई विद्युत खंभों, कई दुकानों को बिजली का कनेक्शन दिया गया है. सड़क के किनारे से स्कूली विद्यार्थियों का भी जाना है. इस डीपी बॉक्स पर ढक्कन लगने से स्टेशन रोड के दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली है. ये डीपी बॉक्स कई दिनों से खुला पड़ा हुआ था. अखबार द्वारा आवाज उठाने पर बॉक्स पर ढक्कन लगा दिया गया है.





खबर का असर

## भाजपा द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ आंदोलन



- महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-2 स्थित नेहरू चौक पर शनिवार सुबह को उल्हासनगर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घृणास्पद वक्तव्यों के विरोध नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस विरोध मोर्चे में शामिल हुई भाजपा की महिलाओं व पुरुष कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे व बैनर लेकर "माँ का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" के नारों के साथ कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया, महिला मोर्चा अध्यक्षा मंगला चांदा, जमनू पुरस्वानी, दीपक छतलानी, जिला महासचिव विनोद गोवानी, अर्चना कर्णकले, जिला उपाध्यक्ष होम नारायण वर्मा, डॉ. एस. बी. सिंह, मंडल अध्यक्ष हरेश भाटिया, बंटी खुसरेजा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंबरनाथ में दिनदहाड़े महिला पर चाकू से वार

- महिला गंभीर घायल
- मोहन नैनो की घटना



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम मोहन नैनो में दिनदहाड़े एक युवक ने एक घरेलू महिला के गाल, सर और पीठ पर धारदार चाकू से वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया है. इस घटना के बाद मोहन सबरबिया परिसर में खलबली मच गई है.

मोहन नैनो निवासी महिला प्रियंका दत्तात्रय रासकर (33) ने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह दोपहर में चार बजे पार्लर क्लास से निकल कर अपने घर मोहन नैनो के फ्लैट क्र. 905 में जाने के लिए निकली. उसके लड़के विराज को भूख लगी थी. उसको खाना देने के लिए जब वह लिफ्ट के पास आई तो मालूम पड़ा कि लाइट जाने के कारण लिफ्ट बंद है. उसने तय किया कि वह सीढ़ियों से चढ़कर जाएगी.

चौथी-पांचवी मंजिल के बीच पीछे से सीढ़ी चढ़ रहे एक 20-21 वर्षीय युवक ने उस पर चाकू से हमला कर उस पर सपासप वार करना शुरू कर दिया. उसके गाल, पीठ, सर और कंधे पर धारदार चाकू से वार करके गंभीर घायल कर दिया. ये घटना शुक्रवार दोपहर 4 बजे की है. मोहन नैनो में पोद्दार स्कूल के बाजू में ये घटना हुई है. प्रियंका ने पुलिस को बताया कि वह उस अज्ञात युवक को जानती तक नहीं.

उसने उन्हें क्यों मारा है? उसका इरादा अगर महिला को लूटने का था तो उसने ऐसा कुछ नहीं किया. क्या महिला की किसी से दुश्मनी थी. इसकी जांच पुलिस कर रही है. लेकिन शहर के एक पॉश इलाके में हुई इस घटना की चर्चा पूरे शहर में है.

## अंबरनाथ में नाबालिग बच्चा नशे में चूर

- नाबालिग बच्चे ड्रग्स की चपेट
- स्टेशन परिसर की घटना
- अंबरनाथ में ड्रग्स का कारोबार जोरों पर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में छोटे बच्चे, गांजा, सुल्ली व अन्य नशे के आदि हो गए हैं। जो अंबरनाथवासियों के लिए चिंता एवं रोष दिलाने वाली बात है। ये दिल व दिमाग को जंजोरने वाला वीडियो आप देख रहे हैं। ये अंबरनाथ पश्चिम स्टेशन चौक पुलिस चौकी के सामने का है। वीडियो में किस तरह एक 8 वर्षीय लड़का नशा करने के लिए अपने एक नाबालिग दोस्त को जकड़कर नशे का द्रव्य मांग रहा है। बाद में खुद ही नशे की बोतल अपनी जेब से निकाली है। स्टेशन परिसर में ही सिद्धार्थ नगर में ये नशे का मौत का व्यापार कुछ महिलाएं अपने घरों में रखकर कर रही है। अब तक पांच महिलाओं पर अपराध दर्ज हो चुका है। अबी कल ही इस परिसर से दो युवकों को पुलिस ने गांजे का नशा करते हुए पकड़ा है। उपरोक्त वीडियो शहर में तेजी से वायरल हो रहा है।



## अंबरनाथ पश्चिम में 2 घरों के गिरने से 4 घायल





- शिवनगर की आसिया शेख गंभीर घायल

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के शिवनगर में एक पुराने घर की बालकनी गिरने से दो लोग घायल हो गए हैं, तो खुंटवली के पास मुरलीधर नगर में पहाड़ी पर के एक घर की दीवार के नीचे से घर की छत पर गिरने से दो घायल हो गए हैं. ये दोनों घटना शुक्रवार की है. जिसमें 2 पुरुष, 2 महिलाएं कुल चार लोग घायल हुए हैं.

शिवनगर में घर की पुरानी सीमेंट की बालकनी आसिया शेख (52) के सर पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गई. उसके पति सलीम शेख को भी चोटें आई हैं. पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर ने महिला का उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में उपचार हेती दाखिल किया है. उसके सर पर 10 टांके आए हैं.

दूसरी घटना खुंटवली के पास मुरलीधर में हुई है. टेकड़ी पर के एक घर की दीवार नीचे के घर के छत पर गिरने से राजेश नलावडे के घर का छत टूटकर उनके और उनकी पत्नी पर गिरा. राजेश नलावडे और मीनाक्षी नलावडे घायल हो गए हैं. घर का भी भारी नुकसान हुआ है. अग्निशमन दल एवं नपा के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में सहायता की. गत दो दिनों से शहर में हो रही बारिश एवं शुक्रवार शाम में हुई जोरदार बारिश के कारण शिवनगर में घर की बालकनी गिरी है.

## 65 इमारतों के खिलाफ कार्रवाई हुई तो विरोध तेज़ होगा

- निवासी अपना विरोध प्रदर्शन तेज़ करेंगे -दीपेश म्हात्रे

**कल्याण.** अगर महानगरपालिका आक्रामक रुख अपनाते हुए डोंबिवली की 65 अवैध इमारतों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला करती है, तो निवासियों का विरोध प्रदर्शन और तेज़ हो जाएगा। ठाकरे गुट के डोंबिवली ज़िला प्रमुख दीपेश म्हात्रे ने चेतावनी दी है कि महानगरपालिका प्रशासन को इस विरोध प्रदर्शन के परिणाम भुगतने होंगे।

मंगलवार (दिनांक 9) को नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव असीम गुप्ता के कार्यालय में डोंबिवली की 65 अवैध इमारतों को लेकर एक बैठक हुई। इस बैठक में विधायक राजेश मोरे, पूर्व नगरसेवक नितिन पाटिल और प्रभावित निवासियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वादा किया है कि डोंबिवली की 65 अवैध इमारतों में रहने वाला एक भी निवासी बेघर नहीं रहेगा। म्हात्रे ने मांग की है कि सरकार इस वादे के अनुसार कार्रवाई करे और निवासियों को राहत प्रदान करे। साथ ही, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध इमारतें बनाने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।





ठाणे की अपराध शाखा ने मामले की जांच की है। म्हात्रे ने दोहराया कि नगर पालिका और पुलिस को संयुक्त रूप से ऐसे भू-माफियाओं और इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और उन्हें जेल भेजने की पहल करनी चाहिए।

### निवासियों की क्या है गलती?

महानगर पालिका को केवल उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित इमारतों पर ही कार्रवाई करनी चाहिए। महानगर पालिका को अपने बाहर किसी भी इमारत को नहीं छूना चाहिए। महानगर पालिका के अधिकारी उन इमारतों पर भी कार्रवाई करने का प्रयास कर रहे हैं जिनके लिए न्यायालय ने आदेश नहीं दिया है। इसमें निवासियों की कोई गलती नहीं है। दीपेश म्हात्रे ने नगर पालिका अधिकारियों से अपील की है कि सरकार और महानगर पालिका इस पर ध्यान दें। कल्याण ग्रामीण विधायक राजेश मोरे ने भी कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि एक भी निवासी बेघर न हो। सरकारी स्तर पर चर्चा में हमें सरकारी अधिकारियों का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है।

### बैठक के महत्वपूर्ण मुद्दे

इस बैठक में इन इमारतों की भूमि को इमारतों के निवासियों के नाम हस्तांतरित करने, इमारतों का पंजीकरण करने, इन इमारतों के मानवाधिकारों को हस्तांतरित करने तथा नियमों के अनुरूप होने की संभावना वाले इमारतों के निर्माण की योजनाएँ इमारतों के निवासियों द्वारा तैयार करवाने और उन्हें नगर पालिका के नगर नियोजन विभाग को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने के मुद्दे पर सकारात्मक चर्चा हुई, ऐसा म्हात्रे ने बताया।

## महिला का मोबाइल चुराने वाले चोर को नागरिकों ने पकड़ा

**कल्याण.** कल्याण के पास अंबिवली में एक 18 वर्षीय युवक ने व्हाट्सएप के ज़रिए दस्तावेज़ मांगने के लिए एक महिला का मोबाइल लिया और भाग गया। कुछ जागरूक नागरिकों ने युवक का पीछा किया, उसे पकड़ लिया, उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। शिकायतकर्ता सत्यभामा जायसवाल ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह अपने काम से मोहने बाजारपेठ में मनपसंद दुकान के पास सर्व सेवा केंद्र आई थीं। इसी समय, उल्फान हकीमदीन मोहम्मद (18) दुकान पर आया। उसने कहा कि वह मोहने बाजार इलाके में एक आरा मशीन किराए पर लेना चाहता है। शिकायतकर्ता सत्यभामा ने उसे आरा मशीन किराए पर देने की इच्छा जताई। वे लेन-देन पर चर्चा कर रहे थे। तभी उस युवक ने दस्तावेज मांगने के लिए सत्यभामा का मोबाइल फोन छीन लिया। इस बीच, उल्फान सत्यभामा की दुकान की ओर मुड़ गया और भाग गया। सत्यभामा ने उसका पीछा किया और राहगीरों ने सत्यभामा के इशारे पर उल्फान का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। उन्होंने उसकी पिटाई की और फिर सत्यभामा ने मामले की शिकायत खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

## संपादकीय

### फ्रांस में सड़कों पर उतरी आम जनता

यह विचित्र है कि फ्रांस जैसे विकसित देश में भी सरकार की वैसी नीतियों के खिलाफ आम जनता को सड़क पर उतरने की जरूरत पड़ रही है, जिसमें आरोप के मुताबकि, लोगों के जीवन को बेहतर करने के लिए कुछ भी नहीं किया गया। गौरतलब है कि राजनीतिक अस्थिरता को झेलते फ्रांस में बजट कटौती को लेकर पहले ही विरोध का माहौल बना हुआ था। ऐसे में दो राष्ट्रीय छुट्टी को रद्द करने, 2026 में पेंशन पर रोक लगाने और स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च में अरबों डालर की कटौती करने जैसे प्रस्तावों ने लोगों के भीतर व्यापक आक्रोश पैदा किया।

इन सबको फ्रांस के लोग कार्य-संस्कृति और सेहत के मुद्दे के साथ खिलवाड़ के तौर पर देख रहे हैं और सरकार की ओर से मिलने वाली सेवाओं से वंचित करने का आरोप लगा रहे हैं। बीते कुछ वर्षों के दौरान फ्रांस में अलग-अलग मुद्दों पर जिस तरह जनाक्रोश और व्यापक पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन देखे गए, एक तरह से उसी की अगली कड़ी की तरह इस बार भी 'सब कुछ रोक दो' के नारे के तहत भारी संख्या में लोगों का सड़कों पर उतर आना कोई हैरानी की बात नहीं है।

यह समझना मुश्किल है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपनी सरकार के खिलाफ बार-बार आंदोलन की वजहों पर विचार करने की जरूरत क्यों नहीं महसूस हो रही। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि फ्रांस में लोगों का गुस्सा इस कदर भड़क गया है और सड़कों पर हिंसक प्रदर्शन दिख रहे हैं। इससे पहले भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान कई ऐसे मौके आए, जब सरकार के नीतिगत फैसलों के जनता पर पड़ने वाले विपरीत असर के मद्देनजर वहां व्यापक जनाक्रोश उभरा और नतीजतन भारी पैमाने पर हिंसा देखी गई।

पेंशन मिलने की उम्र बढ़ाने, ईंधन की कीमत में बढ़ोतरी, लैंगिक समानता और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने जैसे मुद्दों पर भी वहां कई बार आंदोलन हुए हैं। विडंबना यह है कि बार-बार लोगों के विरोध और उसकी व्यापकता के बावजूद फ्रांस की सरकार को शायद इस बात पर चिंता करने की जरूरत नहीं लग रही कि आखिर नीतियां बनाने या कोई नीतिगत फैसले लेने में उससे कौन-सी चूक हो रही है, जिससे लोगों के बीच नाराजगी फैलती है।

# विचार : जरूरी है हर मतदाता का सत्यापन

इतिहास गवाह है कि बड़े बदलाव अपने साथ आंधी-तूफान भी लाते हैं, लेकिन गर्द के बैठने के साथ सब स्पष्ट दिखाई भी देता है और स्थायी भी हो जाता है। बिहार में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का प्रभाव भी कुछ ऐसा ही है। चुनावी लोकतंत्र की स्वच्छता के लिए सबसे जरूरी मतदाता सूची होती है और उसे दुरुस्त रखने के लिए बिहार में एसआइआर की शुरुआत हुई तो विवाद खड़ा हो गया।

कुछ दलों की ओर से इसे सीधे-सीधे लोकतंत्र पर खतरा बताया गया, पर आरोप-प्रत्यारोप, अदालतों में हुए विश्लेषण और राजनीतिक मंचों पर दिए गए भाषणों के बीच यह तथ्य निकलकर सामने आया कि एसआइआर के जरिये मतदाता सूची का गहन परीक्षण जरूरी है और यह कैसे किया जाए, इसका अधिकार चुनाव आयोग को है। इस विवाद से एक बड़ा लाभ यह हुआ कि बिहार ही नहीं पूरे देश के मतदाताओं को इसकी जानकारी हो गई कि वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना है तो उन्हें क्या करना है।

वे यह भी समझ गए कि यह काम नेताओं के भरोसे नहीं हो सकता, क्योंकि बिहार में राजनीतिक दलों की ओर से जितने प्रतिवेदन आए, उनमें अधिकांश दूसरों के नाम कटवाने के लिए ही थे। इस विवाद से यह भी स्पष्ट हो गया कि पूरे देश में एसआइआर हो और मतदाता सूची एवं मतदाता पहचान पत्र को आटोमेटिक व्यवस्था से जोड़ने की तैयारी शुरू हो। इसके लिए नगर निगम से लेकर विदेश और गृह मंत्रालय तक को




चुनाव आयोग से संबंधित डाटा शेयर करना होगा।

देश के अलग-अलग हिस्सों में एसआइआर की प्रक्रिया 20-25 वर्षों के अंतराल में होती है। अब चुनाव आयोग ने जता दिया है कि देश में एक साथ एसआइआर कराया जाएगा। इस पर राजनीतिक दलों का रुख देखना रोचक होगा। हाल में इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में एसआइआर को रुकवाने के लिए जिस तरह की दलीलें दी गईं, उन्हें देखते हुए मान लेना चाहिए कि विपक्षी दलों की ओर से इसका विरोध ही किया जाएगा। हालांकि इस संवैधानिक प्रक्रिया को रोक पाना अब किसी के वश में नहीं है, पर पारदर्शिता की इस मुहिम को अभी राजनीतिक बवंडर के कई क्रम से गुजरना होगा।

यह बहुत ही अचंभित करने वाला था कि बिहार में एसआइआर की जिस प्रक्रिया पर कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि इसमें कई लोगों और खासतौर से गरीबों के नाम काट दिए गए हैं, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे अपनी ओर से कोशिश करें कि जिनके नाम गलत तरीके से कटे हैं, उनके नाम जोड़े जाएं तो अधिकतर प्रतिवेदन नाम कटवाने के ही आए।

सबसे हास्यास्पद स्थिति कांग्रेस की रही। पार्टी की ओर से दावा किया गया कि उसने 89 लाख प्रतिवेदन दिए हैं, लेकिन सारे नाम कटवाने वाले थे। फिर अगर चुनाव आयोग ने 65 लाख मृत, स्थानांतरित और अनुत्तरित लोगों के नाम हटा दिए तो इतना उबाल क्यों? यह लोकतंत्र पर मंडराता खतरा कैसे था? विपक्षी दलों का रुख अभी भी नहीं बदला है। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस कमर कस कर रास्ता रोकने को तैयार है। एसआइआर की असली परीक्षा बंगाल में ही होगी।

ध्यान रहे कि पिछले 15-20 वर्षों में पूरे देश में चुनावी हिंसा खत्म हो गई, लेकिन बंगाल अभी अपवाद है। यहां घुसपैठियों ने कई जिलों की जनसांख्यिकी को बदल दिया है। कई जगह चुनाव भारतीय वोटरों के हाथों से निकलकर घुसपैठियों के हाथों नियंत्रित हो गया है। राज्य में पुलिस और अन्य अधिकारियों का भी जिस तरह राजनीतिकरण हुआ है, उसे देखते हुए एसआइआर के लिए विशेष तैयारी करनी होगी। संभव है गृह मंत्रालय को भूमिका निभानी पड़े। अच्छा होगा सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप हो। बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया का पुख्ता पालन हो जाए तो शेष देश में उसकी राह आसान हो जाएगी और उस बहस पर भी अंकुश लगेगा, जिसे संकीर्ण राजनीतिक कारणों से चलाने की कोशिश हो रही है। यह अच्छा नहीं कि हर साल प्रदेशों में होने वाले चुनावों के वक्त देश विवादों में उलझा रहे, इसलिए भी एक साथ एसआइआर की जरूरत है। यह भी जरूरी है कि मतदाता सूची के शुद्धीकरण और अपडेशन की प्रक्रिया बदली जाए। घर-घर जाकर हर एक वोटर की पड़ताल तो सही है, लेकिन आटोमेशन की भी शुरुआत होनी चाहिए.



**नियमितता के साथ बैठने से हम ध्यानाभ्यास में अधिक माहिर होते जाएँगे।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# आधार कार्ड व्यक्ति की नागरिकता का पहचान नहीं?

इसमें दोराय नहीं कि किसी भी चुनाव के दौरान स्वच्छ मतदान सुनिश्चित कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है और इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के मकसद से उसे जरूरी कदम उठाने पड़ते हैं। मगर बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के फैसले से लेकर आयोग की प्रक्रिया पर जितने सवाल उठे, उसने उसकी मंशा को कठघरे में खड़ा किया। यह अपने आप में एक विचित्र फैसला था कि मतदाता सूची में कायम रहने के लिए आयोग ने लोगों के सामने जरूरी दस्तावेज पेश करने के जो विकल्प रखे, उनमें आधार कार्ड नहीं था। यह दलील दी गई कि आधार कार्ड व्यक्ति की नागरिकता का पहचान नहीं है, इसलिए इसे स्वीकार्य दस्तावेज के रूप में जगह नहीं मिलेगी। नतीजा यह हुआ कि जिनके पास अपने आपको बिहार का निवासी साबित करने के लिए मुख्य दस्तावेज आधार ही था, वैसे तमाम लोगों के लिए मतदाता सूची में अपना नाम बनाए रखना मुश्किल हो गया। जबकि निर्वाचन आयोग ने कुछ ऐसे प्रमाण पत्रों को स्वीकार्य दस्तावेज बताया, जिन्हें बनाने के लिए आधार की जरूरत पड़ती है।

गौरतलब है कि शुरू से इस संबंध में लचर दलील दे रहे निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अब



आखिरकार आधार को एक स्वीकार्य दस्तावेज मान लिया है। आयोग ने बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को कहा है कि मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड को एक अतिरिक्त दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके तहत सूचीबद्ध ग्यारह दस्तावेजों के अलावा आधार कार्ड को बारहवें दस्तावेज के रूप में माना जाएगा।

सवाल है कि अगर अब जाकर आयोग को अपना रुख बदलने का कारण इस संबंध में बने नियम-कायदे हैं, तो आयोग के इससे इनकार करने की क्या वजहें थीं। अगर जुलाई में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के शुरूआती दौर में ही बाकी दस्तावेजों के साथ-साथ आधार कार्ड को भी स्वीकार्य माना जाता तो क्या इस समूचे मसले पर खड़े हुए इतने बड़े विवाद से नहीं बचा जा सकता था? जिन लाखों लोगों के नाम मसविदा मतदाता सूची से बाहर करने की नौबत आई थी, उसका कारण क्या निर्वाचन आयोग का रवैया नहीं था?

गौरतलब है कि इस मुद्दे पर आयोग के अड़ियल रुख की वजह से बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार को छोड़ कर जिन ग्यारह दस्तावेजों को पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकार्य बताया गया, उनमें से केवल पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र को नागरिकता साबित करने के लिए जरूरी दस्तावेज के तौर पर माना जाता है। सवाल है कि बाकी के नौ अन्य दस्तावेजों के बूते अगर मतदाता की पहचान की जा सकती है, तो आधार कार्ड के सत्यापन से भी किसी के पात्र-अपात्र होने के बारे में भी पता क्यों नहीं लगाया जा सकता?

विडंबना यह है कि इस मसले पर अब तक निर्वाचन आयोग ने जिस तरह की जिद ठान रखी थी, उसकी वजह से बहुत सारे लोगों के सामने अपनी पहचान तक साबित करने का संकट खड़ा हो गया था। पहचान और नागरिकता से लेकर अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाने तथा उसे सुरक्षित रखने को लेकर गरीब तबके के लोगों की मुश्किलें जगजाहिर रही हैं। ऐसे में पहचान के लिए सत्यापन की प्रणाली को ज्यादा समावेशी और व्यावहारिक बनाने की जरूरत है। इसके अलावा, लोकतंत्र के जीवन के लिए सभी पात्र मतदाताओं के मतदान के मौलिक अधिकार को सुरक्षित और सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की ही जिम्मेदारी है।

# 'एवरेज क्या देती है?', शख्स ने ट्रेन के ड्राइवर से पूछा सवाल

सोशल मीडिया पर कई वीडियो ऐसे शेयर किए जाते हैं जो कि सामान्य ज्ञान के सवाल वाले होते हैं. कई वीडियो तोबहुत ही मजेदार

**जरा हट के**

हो जाते हैं जिनमें लोगों के जवाब बहुत ही ज्यादा मजेदार होते है. वहीं कभी कभी कुछ सवाल ही इतने रोचक होते हैं कि यदि वीडियो में एक ही शख्स का जवाब हो तो भी वे बहुत दिलचस्प हो जाते हैं. एक वायरल वीडियो में रेलवे प्लेटफॉर्म पर खड़े एक शख्स ने ट्रेन के ड्राइवर से ही पूछ लिया कि उसकी ट्रेन क्या एवरेज देती है. इस पर ड्राइवर के जवाब से लोगों में बहस छिड़ गई, जबकि मजेदार बात ये थी कि कई लोगों का भी ध्यान इस पर नहीं गया कि ट्रेन डीज़ल इंजन वाली नहीं है, और वे एवरेज पर ही बहस करते दिखे.

### एक किलोमीटर में 7-8 लीटर

वीडियो में हम एक रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म का नजारा




देखते हैं जिसमें एक शख्स रेल के इंजन के पास खड़ा है. वह ड्राइवर से पूछता है, "भइया एवरेज क्या देती है ये?" इस पर ड्राइवर कहता है, "एक किलोमीटर में 7-8 लीटर." यह सुनकर शख्स हैरान रह जाता है. तभी पीछे से उसका दोस्त हंसते हुए कहता है, "-8 की एवरेज है." तभी बैकग्राउंड में डायलॉग गूंजता है, "अमेरिका क्या कहता था?"

आमतौर पर जब भी रेलगाड़ी के एवरेज की बात होती है तो यह मान कर चला जाता है कि इंजन डीजल का ही होगा क्योंकि ट्रेन कभी किसी पेट्रोल इंजन से नहीं चलती है. दूसरी अहम बात आजकल डीजल इंजन भी बहुत कम चलते हैं. फिर भी बहुत ही कम लोगों को इस बात की जानकारी होती है कि डीज़ल इंजन की ट्रेन का एवरेज क्या होता है.

मजेदार बात ये होती है कि वीडियो में जो इंजन होता है, वह तो इलेक्ट्रिक होता है, फिर भी ऐसा लगता है कि ड्राइवर ने शायद मजाक में जवाब दिया होगा. लेकिन सवाल पूछने वालों का ध्यान भी इस बात पर नहीं गया. वे एक किलोमीटर प्रति 7-8 के सही मान पर बहस करते नजर आए.

**खाना-खजाना**

# चिली गार्लिक पराठा

सुबह के नाश्ते में अगर कुछ स्वादिष्ट और झटपट बनने वाला मिल जाए तो पूरा दिन बन जाता है। अगर आप भी रोज-रोज वही पराठा खाकर बोर हो गए हैं तो ट्राई कर सकते हैं चिली गार्लिक पराठा। यह पराठा न सिर्फ बनाने में आसान है, बल्कि इसका तीखा और लहसुन का स्वाद आपके मुंह में पानी ला देगा। आइए, बिना देर किए जानते हैं इसे बनाने की आसान रेसिपी।

**सामग्री :**

- गेहूं का आटा: 2 कप
- लहसुन: 8-10 कलियां
- लाल मिर्च पाउडर: 1 छोटा चम्मच (आप स्वाद के अनुसार कम-ज्यादा कर सकते हैं)
- धनिया पत्ती: 2 बड़े चम्मच
- जीरा: आधा छोटा चम्मच
- नमक: स्वादानुसार



- घी या तेल: पराठे सेकने के लिए

**विधि :**

सबसे पहले एक बड़े बर्तन में आटा लें। उसमें बारीक कटा हुआ लहसुन, लाल मिर्च पाउडर, जीरा, धनिया पत्ती और नमक मिलाएं। अब थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर नरम आटा गूंथ लें। ध्यान रखें कि आटा बहुत ज्यादा सख्त न हो। आटे को 10-15 मिनट के लिए ढककर रख दें ताकि वह अच्छी तरह सेट हो जाए। अब आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं और उन्हें गोल पराठे की तरह बेल लें।

गर्म तवे पर थोड़ा घी या तेल डालकर पराठे को दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेकें। आपका गर्मागर्म चिली गार्लिक पराठा तैयार है। इसे दही, अचार या अपनी मनपसंद चटनी के साथ परोसें।

# पैरों में नजर आते हैं लिवर डैमेज के एक नहीं 8 लक्षण

### भारी पड़ सकती है हल्के में लेने की गलती

लिवर शरीर का एक बेहद जरूरी अंग है, जो न केवल टॉक्सिन को बाहर निकालने का काम करता है, बल्कि डाइजेशन, हार्मोन बैलेंस और इम्युनिटी में भी अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, जब लिवर में गड़बड़ी या डैमेज होता है, तो इसका असर केवल पेट या स्किन तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि शरीर के अन्य हिस्सों, खासकर पैरों में भी कई संकेत दिखाई देने लगते हैं। ये संकेत समय रहते पहचानना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि अनदेखी करने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। तो आइए जानें लिवर खराब होने के वे कुछ लक्षण जो पैरों में महसूस होते हैं–

**■ पैरों में सूजन**


लिवर जब ठीक से काम नहीं करता, तो शरीर में फ्लूइड रिटेंशन होने लगता है, जिससे पैरों, टखनों और पंजों में सूजन आ जाती है। यह सूजन धीरे-धीरे बढ़ती है और आराम करने के बाद भी कम नहीं होती।

**■ पैरों में खुजली**

लिवर की बीमारी में बाइल (पित्त) का फ्लो प्रभावित होता है, जिससे शरीर में बाइल साल्ट्स जमा हो जाते हैं और इससे स्किन में खुजली महसूस होती है, जो अक्सर पैरों में अधिक होती है।

**■ पैरों में दर्द और भारीपन**

लिवर डैमेज के कारण



टॉक्सिन्स शरीर में जमा हो जाते हैं, जिससे पैरों में भारीपन, सुन्नपन या दर्द महसूस हो सकता है।

**■ स्किन का पीला पड़ना**

जब लिवर ठीक से बिलीरुबिन को प्रोसेस नहीं करता, तो शरीर में इसके लेवल बढ़ जाते हैं और इससे स्किन और आंखें पीली हो जाती हैं। पैरों की स्किन में भी पीलापन साफ दिखता है।

**■ नसों का उभरना**

लिवर सिरोसिस की स्थिति में हार्मोनल असंतुलन होता है, जिससे पैरों में नीली नसें उभरने लगती हैं, जिन्हें स्पाइडर वेन्स कहा जाता है।

**■ मांसपेशियों का कमजोर होना**

लिवर से संबंधित गंभीर बीमारियों में शरीर की मांसपेशियां सिकुड़ने लगती हैं, जिससे पैरों में कमजोरी और थकावट महसूस होती है।

**■ पैरों का रंग बदलना**

लिवर की गड़बड़ी से ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है, जिससे पैरों का रंग नीला, बैंगनी या गाढ़ा पड़ सकता है।

**■ झुनझुनी और सुन्नपन**

लिवर खराब होने से नर्वस सिस्टम प्रभावित होता है और इससे पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन की शिकायत होती है।

पैरों में दिखने वाले ये संकेत लिवर की किसी गंभीर समस्या की ओर इशारा कर सकते हैं। अगर इनमें से कोई भी लक्षण लगातार बना रहे, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना आवश्यक है, जिससे समय रहते इलाज किया जा सके और लिवर की स्थिति को सुधारा जा सके।

## आज का राशिफल

**मेष** : कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। दु:खद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा। व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें। आज जोखिम व जमानत के कार्यों से बचकर रहना होगा।

**वृषभ** : सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। अजनबियों पर विश्वास न करें।

**मिथुन** : फालतू खर्च होगा। अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए। व्यापार अच्छा चलेगा। जीवनसाथी से मतभेद।

**कर्क** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा संभव है। विवाद न करें। रोजगार मिलेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**सिंह** : कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। विवाद न करें। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**कन्या** : वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ होगा। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

**तुला** : नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी संयम आवश्यक है।

**वृश्चिक** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं। अनावश्यक क्रोध न करें। धन संबंधी काम पूरे होंगे।

**धनु** : पुराना रोग उभर सकता है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। आय में कमी रहेगी। धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें। आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।

**मकर** : परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। परोपकार करके मानसिक सुख अर्जित करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी। कर्ज लेने से बचना चाहिए।

**कुंभ** : शत्रु परास्त होंगे। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त हो सकती है। रोजगार मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पराक्रम के प्रति निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**मीन** : विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए। व्यापार में लाभकारी परिवर्तन होंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# हार्ट से लेकर डाइजेशन तक, सेहत को फायदे पहुंचाएगी अलसी-तिल की चटनी



क्या आप जानते हैं कि एक मामूली-सी चटनी आपके दिल को हेल्दी रख सकती है और आपके पाचन तंत्र को मजबूत बना सकती है? जी हां, हम बात कर रहे हैं अलसी और तिल की चटनी की। यह सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि गुणों से भरपूर एक सुपरफूड भी है।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन अगर हम अपने खाने में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करें तो बड़े फायदे पा सकते हैं। अलसी और तिल की चटनी ऐसा ही एक बदलाव है। आइए, इसके कुछ लाजवाब फायदे और आसान रेसिपी के बारे में जानते हैं।

### ■ अलसी-तिल की चटनी खाने के फायदे

**■ हार्ट के लिए फायदेमंद**

अलसी में ओमेगा-3 फैटी एसिड और तिल में मैग्नीशियम होता है, जो दिल की सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। ये तत्व कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं, जिससे दिल के दौरे का खतरा कम होता है।

**■ हड्डियों को मजबूत बनाए**

तिल में कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। नियमित रूप से इस चटनी का सेवन करने से ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाव हो सकता है।

**■ पाचन क्रिया को सुधारे**

अलसी में फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो डाइजेशन को हेल्दी रखती है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाती है। यह चटनी शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में भी मदद करती है।

**सामग्री**

- अलसी के बीज – आधा कप
- तिल – आधा कप
- लहसुन की कलियां – 4–5
- हरी मिर्च – 2
- नींबू का रस – 1 चम्मच
- जीरा – 1 चम्मच
- नमक – स्वादानुसार
- पानी – आवश्यकतानुसार

**विधि**

सबसे पहले, एक पैन में अलसी और तिल को धीमी आंच पर हल्का भून लें, जब तक कि उनमें से अच्छी खुशबू न आने लगे। इसके बाद भुने हुए अलसी और तिल को ठंडा होने दें। अब, एक ब्लेंडर में भुने हुए अलसी, तिल, लहसुन, हरी मिर्च, जीरा, और नमक डालें। थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर इसे पीस लें। ध्यान रहे कि चटनी बहुत ज्यादा पतली न हो। चटनी को एक कटोरी में निकालें और ऊपर से नींबू का रस मिलाकर अच्छे से मिला लें। आप इस चटनी को रोटी, पराठा, या चावल के साथ खा सकते हैं।

**■ त्वचा और बालों के लिए गुणकारी**

अलसी में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड और तिल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को चमकदार बनाते हैं और बालों को मजबूत करते हैं।

# बेदाग और निखरी त्वचा के लिए करें खीरे का इस्तेमाल

गर्मी में राहत देने वाला खीरा असल में 95% से ज्यादा पानी से बना होता है, जो आपकी त्वचा को अंदर से हाइड्रेट करता है और कई स्किन प्रॉब्लम्स को दूर भगाता है। ऐसे में, अब आपको महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं, क्योंकि हम लाए हैं खीरे के इस्तेमाल के कमाल के तरीके, जो आपको देंगे वह ग्लो जिसके बारे में हर कोई पूछेगा।

**■ खीरे का फेस टोनर**

खीरे के जूस में थोड़ा गुलाब जल मिलाएं और इसे एक स्प्रे बोतल में भर लें। दिन में 2-3 बार इसे अपने चेहरे पर स्प्रे करें। यह आपकी त्वचा को तरोताजा महसूस कराएगा और पोर्स को टाइट करने में मदद करेगा।

**■ आंखों की सूजन और काले घेरों के लिए**

खीरे के दो ठंडे स्लाइस लें और उन्हें अपनी आंखों पर 15-20 मिनट के लिए रखें। इसकी ठंडक आंखों की सूजन को कम करती है और नियमित इस्तेमाल से काले घेरे भी हल्के होते हैं।

**■ खीरा और एलोवेरा फेस पैक**

एक चम्मच खीरे का पेस्ट और एक चम्मच एलोवेरा जेल को मिलाएं। इसे चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं और फिर ठंडे पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को शांत करता है और सूरज की जलन को भी कम करता है।

**■ खीरा और दही का फेस पैक**

ऑयली स्किन के लिए यह पैक बहुत असरदार है। खीरे के पेस्ट में 2 चम्मच दही मिलाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं। दही त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाता है, जबकि खीरा नमी बनाए रखता है।

**■ खीरे और नींबू का फेस स्क्रब**

एक चम्मच खीरे के पेस्ट में आधा चम्मच नींबू का रस और थोड़ी चीनी मिलाएं। इस स्क्रब से चेहरे पर 2-3 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। यह त्वचा की डेड स्किन सेल्स को हटाता है और रंगत निखारता है।

**■ खीरा और बेसन का पैक**

यह पैक हर स्किन टाइप के लिए बेहतरीन है। खीरे के रस में 2 चम्मच बेसन और थोड़ा दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें। यह पैक त्वचा को साफ और मुलायम बनाता है.।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक


## खबरें गांव की...

### रिपोर्ट लिखाने गए युवक को दरोगा ने पीटा

सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दरोगा एक युवक के बाल पकड़कर उसे पीटता नजर आ रहा है। युवक दरोगा से अपनी बाइक चोरी की बात बता रहा है, लेकिन दरोगा उसकी बात सुने बिना ही उसकी पिटाई शुरू कर देता है। वायरल वीडियो यूपी के बरेली जिले का है। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने दरोगा को सस्पेंड करके उसके खिलाफ जांच बैठा दी है। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव संग्रामपुर में रहने वाले शिशुपाल की नवीगंज से बाइक चोरी हो गई थी। गुरुवार को वह बाइक चोरी की शिकायत करने सिरौली थाने गया था। वह थाने में खड़ी एक बाइक पर बैठा था, तभी दरोगा सतेंद्र सिंह मोबाइल पर बात करते हुए एक व्यक्ति के साथ वहां पहुंचे। दरोगा के साथ आए व्यक्ति ने शिशुपाल से उनकी जाति पूछी। उन्होंने अपनी जाति बताई तो मोबाइल पर बात कर रहे दरोगा सतेंद्र सिंह ने कॉल काटकर शिशुपाल को बाल पकड़कर खींच लिया और थप्पड़ जड़ने शुरू कर दिए।

### गोंडा-अयोध्या हाईवे पर एनकाउंटर

गोंडा-अयोध्या हाईवे पर नवाबगंज थानाक्षेत्र में परसापुर के पास शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे दो लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के बाएं पैर मे गोली लगी है, दूसरा भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गोली लगने से घायल बदमाश को सीएचसी से डॉक्टरों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार युवकों पर जिले के वजीरगंज, कोतवाली देहात, मोतीगंज समेत चार थानों में लूट के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। बीते चार दिनों से दोनो आरोपी बाइक से घूम-घूम कर अलग क्षेत्र में ताबड़तोड़ लूट की घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे थे। ये बदमाश कई थानों की पुलिस के लिए चुनौती बन गए थे। गिरफ्तार बदमाशों मे गोली लगने से मुठभेड़ में घायल अंकित सिंह (उम्र 24 वर्ष) पुत्र शिव पूजन सिंह करनैलगज कोतवाली क्षेत्र के हड़ियागाड़ा गांव और दूसरा शिवम यादव (उम्र 25 वर्ष) पुत्र राम यज्ञ यादव ठकुरापुर गाव के आहिरन पुरवा मजरे का निवासी है।

### रिश्वत लेती लेखपाल गिरफ्तार

उधर, उन्नाव में खेतिहर जमीन को कामर्शियल कराने के नाम पर 50 हजार रुपये की घूस लेती लेखपाल ममता प्रजापति को तहसील के अंदर से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को लखनऊ की एंटी करप्शन टीम ने की है। टीम ने लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहसील के गांव मोहिनी खेड़ा निवासी श्रीराम ने 2022 में मौरावां रायबरेली मार्ग के कोरटगंज महाविद्यालय के पास तीन बिस्वा जमीन खरीदी थी। जमीन का दाखिल खारिज एक साल पहले हो गया था। श्रीराम के बेटे अवधेश ने बताया कि जमीन पर लोन कराने के लिए उन्होंने धारा-80 के तहत कामर्शियल कराने के लिए कागजात लगाए थे। आरोप है कि लेखपाल ममता ने रिपोर्ट लगाने के लिए उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

### पति ने पत्नी को उस्तरे से गंजा कर पीटा, पेट्रोल डालकर की जिंदा जलाने की कोशिश

यूपी के बिजनौर से एक चौकानें वाला मामला सामने आया है। जहां एक सनकी पति ने अवैध संबंध के शक में पत्नी को उस्तरे से गंजा किया फिर जमकर पीट दिया। यहां तक कि महिला को जलाने की भी कोशिश की। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले की जानकारी देते हुए आरोपी को धर दबोचा। हालांकि बाद में उसे बचाने के लिए पत्नी थाने गई। जिसके बाद उसे जमानत मिल गई। वहीं, क्षेत्र में ये मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

ये मामला नगीना देहात क्षेत्र का है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार को नगीना देहात के एक गांव में तीन बच्चों की मां पर प्रेम संबंध के संदेह में उसके पति ने मारपीट कर पहले तो उस्तरे से गंजा कर दिया। फिर पेट्रोल डालकर आग लगाने जा ही रहा था कि परिजनों ने महिला को बचा लिया। महिला ने बृहस्पतिवार को अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए आरोपी पति को घर से गिरफ्तार कर लिया।

# Gen-Z की पसंदीदा सुशीला कार्की नेपाल की अंतरिम पीएम

- प्रचंड सरकार चीफ जस्टिस पद से इन्हें हटाने महाभियोग लाई थी
- पति ने प्लेन हाईजैक किया था

**काठमांडू.** नेपाल में Gen-Z प्रदर्शनकारियों ने सुशीला कार्की को देश का अंतरिम पीएम चुना है। उन्हें शुक्रवार रात राष्ट्रपति ने पद की शपथ दिलाई। वे 220 सालों के इतिहास में देश की पहली महिला पीएम बनी हैं। इससे पहले सुशीला नेपाल सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस रह चुकी हैं। वे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रवैए के लिए जानी जाती हैं। 2017 में जब इन्हें हटाने के लिए प्रचंड सरकार महाभियोग लेकर आई, तो सुशीला के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए थे।

मजबूरन सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था। सुशीला के पति ने 52 साल पहले एक प्लेन हाईजैक किया था जिसकी चर्चा भारत में खूब हुई थी।



सुशीला ने अपने करियर की शुरुआत शिक्षक के रूप में की थी और बाद में जज बनीं। जब सुशीला 2016 में नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस बनीं, तो यह अपने आप में ऐतिहासिक था।

एक साल बाद 2017 में उन पर संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया। आरोप लगाया गया कि वे फैसलों से राजनीतिक दबाव के खिलाफ खड़ी हो रही हैं और न्यायपालिका की आजादी का गलत इस्तेमाल कर रही हैं। असल में, नेताओं को डर था कि अगर कार्की कोर्ट में ऐसे ही सख्ती दिखाती रहीं, तो उनसे राजनीति और सत्ता को बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए प्रचंड सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटाने की कोशिश की। महाभियोग प्रस्ताव आने के बाद सैकड़ों छात्र, महिलाएं और आम लोग काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। सुप्रीम कोर्ट ने भी एक ऐतिहासिक आदेश देकर कहा कि जब तक महाभियोग की सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक सुशीला कार्की को काम करने से नहीं रोका जा सकता। जून 2017 में उनके रिटायरमेंट से सिर्फ एक दिन पहले संसद ने महाभियोग प्रस्ताव वापस ले लिया।

# मणिपुर में हिंसा के 2 साल बाद PM का दौरा

- सबसे ज्यादा प्रभावित चुराचांदपुर में रैली
- कहा- शांति का रास्ता अपनाएं, मैं आपके साथ



**मिजोरम.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर हैं। राज्य में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद यह उनका पहला दौरा है। प्रधानमंत्री मणिपुर में पहले चुराचांदपुर गए। कुकी बहुल यह इलाका हिंसा के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक था।

PM ने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की नींव रखी। PM ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- मणिपुर की यह धरती हौसलों और हिम्मत की धरती है।दुर्भाग्य से, हिंसा ने इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था।

PM ने कहा- मैं सभी संगठनों से अपील करूंगा कि शांति के रास्ते पर आगे बढ़कर अपने सपने को पूरा करें। अपने बच्चों के भविष्य को सुनिश्चित करें। मैं आपको वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। भारत सरकार आपके साथ है। मणिपुर के लोगों के साथ है।

PM मोदी चुराचांदपुर में कार्यक्रम के बाद इंफाल के लिए रवाना हो गए हैं। इंफाल मैतेई बहुल इलाका है। 2023 में हिंसा के बाद, कुकी का इंफाल और मैतेई का चुराचांदपुर में आना-जाना बंद है। PM मोदी 1988 में राजीव गांधी के बाद चुराचांदपुर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।

# 51 KM की रेल लाइन से मिजोरम दिल्ली से जुड़ा



- बैराबी-सायरंग के बीच 45 सुरंगे
- कुतुबमीनार से ऊंचा भारत का दूसरा ब्रिज
- PM ने किया उद्घाटन

**मिजोरम.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 KM लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटि हो गई है।

इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मिनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है।

पीएम ने कहा, 'लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में हैं।'

दरअसल, पीएम मोदी 2 दिन के नॉर्थ ईस्ट दौरे पर हैं। वे सुबह मिजोरम के आईजोल पहुंचे, यहां लेंगपुई एयरपोर्ट से 9000 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मणिपुर के लिए रवाना हुई। यहां चुराचांदपुर और इंफाल में प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे, साथ ही शाम 5 बजे असम के गुवाहाटी में भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होंगे।

# हिमाचल में बादल फटा, मंडी में लैंडस्लाइड

- 10 गाड़ियां मलबे में दबीं, सड़क बही
- 15 सितंबर से मानसून की वापसी संभव

**बिलासपुर.** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फटा। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गई, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। वहीं, मंडी जिले के धर्मपुरमें सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गए हैं। 8 घर खाली कराए गए हैं।

राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गय है। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 43% ज्यादा बारिश हो चुकी है। एक जून से 12 सितंबर के बीच 678.4mm बारिश होती है, इस बार 967.2mm बारिश हो चुकी है। यूपी के उन्नाव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 23cm ऊपर है। यहां 80 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। 100 से ज्यादा परिवार बेघर हैं। फर्रुखाबाद में गंगा के किनारों का कटान तेज हो गया है। ग्रामीण अपने मकानों को खुद तोड़ रहे हैं। ईंट-सरिया निकालकर साथ ले जा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी 15 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान से शुरू हो सकती है। आमतौर पर मानसून 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह लौट जाता है।

## गणेश विसर्जन जुलूस में ट्रक घुसा, 9 को कुचला

- 20 घायल; चश्मदीद बोले- ट्रक बेकाबू हुआ

कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया।9 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया, ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इधर पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है।

## रेप-लव जिहाद के आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर

**भोपाल.** भोपाल में कॉलेज छात्राओं से रेप और लव जिहाद के आरोपी साद और साहिल के अवैध मकानों पर आज जिला प्रशासन का बुलडोजर चला। तीसरे आरोपी फरहान के घर पर कार्रवाई फिलहाल टाल दी गई है।

शनिवार को 11 बजे कोर्ट में उसकी पेशी होनी थी, लेकिन लोक अदालत के चलते नहीं हो पाई। आरोपी फरहान के पिता रिजवान ने कहा, पुलिस ने हमसे 10 लाख रुपए की डिमांड की गई थी।

करीब 15 दिन तक इस मामले को दबाए रखा। हम 2 लाख रुपए ही दे पाए, 8 लाख की व्यवस्था नहीं हुई तो मिसरोद थाने के रंजीत सिंह ने मेरे बच्चे पर लव जिहाद का केस दर्ज कर दिया।

अदालत का फैसला नहीं आया है, उससे पहले ही हमारे मकान गिराए जा रहे हैं। कार्रवाई से पहले शुक्रवार को मकानों के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई थी।

# पाकिस्तानी फौज पर आतंकी हमला

- 12 सैनिकों को उतारा मौत घाट
- TTP ने ली जिम्मेदारी

पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी इलाके में शनिवार तड़के पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) द्वारा किए गए एक घातक हमले में कम से कम 12 सैनिक मारे गए, जबकि चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि समाचार एजेंसी एएफपी को की है। जानकारी के अनुसार, यह हमला दक्षिण वजीरिस्तान जिले में सुबह लगभग 4 बजे उस समय हुआ जब सेना का एक काफिला इलाके से गुजर रहा था।

स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि “दोनों ओर से भारी हथियारों से फायरिंग की गई, जिसमें 12 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और चार घायल हुए।” हमलावर मौके से सेना का हथियार-सामान भी लेकर फरार हो गए। इलाके के सुरक्षा प्रभारी ने भी हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि हमला बेहद योजनाबद्ध और तीव्र था।



### पाकिस्तानी तालिबान ने ली जिम्मेदारी


हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन पाकिस्तानी तालिबान ने ली है जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) भी कहा जाता है। हाल के महीनों में यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे घातक घटनाओं में से एक माना जा रहा है। टीटीपी कभी इस क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखता था, लेकिन 2014 में पाकिस्तानी सेना के बड़े अभियान के बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा था। हालांकि, अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से सीमावर्ती इलाकों में आतंकी गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

### अफगानिस्तान से तनाव

भले ही टीटीपी और अफगान तालिबान अलग-अलग संगठन हैं, लेकिन दोनों के बीच नजदीकी रिश्ते माने जाते हैं। पाकिस्तान लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर सक्रिय आतंकियों को खत्म करने में नाकाम रहा है, जो बाद में पाकिस्तान में हमले करते हैं। वहीं, काबुल प्रशासन इन आरोपों से इनकार करता रहा है।

# सिविल सेवा परीक्षा का टॉपर 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

ओडिशा विजिलेंस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 2019 बैच के ओडिशा सिविल सर्विसेज परीक्षा के टॉपर और संबलपुर जिला के बामरा के तहसीलदार अश्विनी कुमार पांडा को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस विभाग के अनुसार, पांडा ने एक शिकायतकर्ता से कृषि भूमि को गृहस्थ भूमि में बदलने और रिकॉर्ड ऑफ राइट (RoR) जारी करने के लिए पहले 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।



इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, जब शिकायतकर्ता ने रकम ज्यादा बताई, तो पांडा ने रकम घटाकर 15 हजार रुपये कर दी और धमकी दी कि रिश्वत न देने पर वह केस में अनुमति नहीं देंगे।

शिकायतकर्ता ने विजिलेंस से संपर्क किया। इसके बाद बिछाए गए जाल में तहसीलदार अपने ड्राइवर पी. प्रवीन कुमार के माध्यम से रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए। पूरी रिश्वत की रकम मौके से बरामद हुई।

इसके बाद विजिलेंस ने पांडा के भुवनेश्वर स्थित घर और पीडब्ल्यूडी आईबी आवास पर छापेमारी की। छानबीन में 4.73 लाख रुपये नकद बरामद हुए। ड्राइवर को भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक पांडा ने दिसंबर 2021 में बतौर ट्रेनिंग रिजर्व ऑफिसर (TRO) सरकारी सेवा जॉइन की थी। इससे पहले वे मयूरभंज जिला के शामखुंटा में तहसीलदार के रूप में कार्यरत थे।

# T20 इंटरनेशनल में तीसरी बार 300+ का स्कोर



- इंग्लैंड ने बनाए 304 रन
- ओपनर फिल सॉल्ट का 39 गेंदों में शतक

विकेटकीपर-बल्लेबाज फिल सॉल्ट इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 में 39 गेंदों में शतक लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सॉल्ट ने 141 रन की नाबाद पारी खेली, जो इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है।

इंग्लैंड ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में 20 ओवर में 304 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड का हाईएस्ट और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 304 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 158 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह इंग्लिश टीम ने यह मैच 146 रन से जीत लिया।

### पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। सॉल्ट (नाबाद 141, 60 गेंद, 30 चौके, 9 छक्के) और कप्तान जोस बटलर (39 गेंद में 83 रन) ने पहले विकेट के लिए 47 गेंदों पर 126 रन जोड़ दिए। पावरप्ले में ही इंग्लैंड का स्कोर 106/1 हो गया।

### बटलर का इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक

बटलर ने 18 गेंदों में टी-20 करियर का अपना सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 30 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। वह ब्योर्न फॉर्च्यून की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद सॉल्ट ने पारी को संभाला। उन्होंने जैकब बेथेल (14 गेंद, 26 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 95 रन और हैरी ब्रूक (41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 गेंदों पर नाबाद 83 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने 304/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

# राहुल गांधी अचानक कहां चले जाते हैं?

- बिन बताए विदेश यात्रा से CRPF परेशान, लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अनशेड्यूल्ड विदेश दौरों पर आपत्ति जताई है। सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने के मामले में उन्हें एक पत्र लिखा गया है। यह पत्र CRPF के वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख ने जारी किया है और इसकी प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी भेजी गई है। पत्र 10 सितंबर को जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी लगातार उन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, जो उनकी सुरक्षा टीम ने निर्धारित किए हैं।



वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख ने राहुल गांधी के सुरक्षा के प्रति रवैये पर भी सवाल उठाए और कहा कि वह इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

राहुल गांधी को Z+ श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, जिसमें ASL (Advance Security Liaison) कवर भी शामिल है। यह देश की सबसे ऊंची सुरक्षा श्रेणियों में से एक है, जिसमें बड़ी संख्या में CRPF के जवान हर वक्त सुरक्षा में तैनात रहते हैं।

आपको बता दें कि बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' संपन्न करने के बाद राहुल गांधी अचानक विदेश यात्रा पर चले गए। ट्विटर पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही थीं। हालांकि वह उपराष्ट्रपति चुनाव में शामिल होने के लिए भारत वापस आ गए और पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

बिहार में यात्रा के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अचानक गांधी को कसकर गले लगाने और उनके कंधे पर किस करने के कुछ हफ्ते बाद यह चिंता जताई गई। राहुल गांधी भी इस घटना से क्षण भर के लिए अचंभित रह गए थे। यह घटना पूर्णिया जिले में हुई, जहां से राहुल गांधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने दिन के अंतिम पड़ाव अररिया के लिए रवाना हुए थे। राजद नेता तेजस्वी यादव सहित सैकड़ों बाइक सवार राहुल गांधी के साथ चल रहे थे।

# 'रास रंग ठाणे 2025' इस बार रेमंड ग्राउंड पर

- गणेशोत्सव के बाद नवरात्रि महोत्सव की भव्य तैयारी
- होगा संगीत,नृत्य व भक्ति का संगम



**ठाणे.** राज्य की सांस्कृतिक उपराजधानी ठाणे में गणेशोत्सव के बाद नवरात्रोत्सव के महोत्सव की भव्य तैयारी शुरू हो गई है. क्रेडाई एमसीएचआई एवं धर्मवीर आनंद दिघे प्रतिष्ठान द्वारा इस बार 'ठाणे रास रंग 2025' का आयोजन रेमंड ग्राउंड पर 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक किया जाएगा. शनिवार को इस महोत्सव स्थल का भूमिपूजन किया गया. इस अवसर पर ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के, क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष सचिन मिरानी, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मेहता, सचिव फ़ैयाज़ वीरानी,पूर्व नगरसेवक विकास रेपाले,नम्रता भोसले सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे. क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने बताया कि पिछले 27 वर्षों से इस नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इस बार 'रास रंग ठाणे 2025' श्रद्धा,भक्ति एवं आनंद की नई ऊंचाई पर होगा. हर दिन जाने माने हिंदी,मराठी, गुजराती कलाकारों की उपस्थिति में 12 हजार से ज्यादा उत्सव प्रेमी महोत्सव में सहभागी होंगे. एमसीएचआई अध्यक्ष सचिन मिरानी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक नगरी ठाणे में रास रंग महोत्सव में संगीत, नृत्य और भक्ति का संगम होगा. रास रंग महोत्सव में रोजाना गीत संगीत, गरबा प्रोग्राम के अलावा 24 सितंबर को विशेष बच्चों के लिए डांडिया, 27 सितंबर को टीएमसी स्कूल के बच्चों का गरबा कार्यक्रम एवं 30 सितंबर को भव्य आरती स्पर्धा का आयोजन भी किया गया है. पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मेहता व अध्यक्ष सचिन मिरानी ने इस महोत्सव में भाग लेने की अपील सभी उत्सव प्रेमियों से की है.

### आम सूचना

मैं श्रीमती नसरीन जावेद शेख सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, हनुमान नगर, एमआईडीसी पानी टंकी के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीओ016343800) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामअवतार रामदास विश्वकर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.6.2025 सी.नं. 2059/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती नसरीन जावेद शेख**

### आम सूचना

मैं श्रीमती किरणदेवी सत्यनारायण सभी को सूचित कर रही हूं कि आफीस नं. 3, ग्राऊंड फ्लोर, मिलन अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014871500) उक्त प्रॉपर्टी श्री धर्मपाल बच्चोमल गंधवानी व श्री राजू धर्मपाल बच्चोमल गंधवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.7.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती किरणदेवी सत्यनारायण**

### आम सूचना

मैं श्रीमती मीना सतीश चाबुक्सवार सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 631/90 के पास, कला हाल, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीआय017426200) उक्त प्रॉपर्टी श्री हरेश अर्जनदास जेसवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.9.2025 सी.नं. 126 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीना सतीश चाबुक्सवार**

## संक्षेप...

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 122 मामले निपटाए

**मुंबई.** शनिवार को ऋण वसूली न्यायाधिकरण-III (डीआरटी-III), मुंबई में प्रभारी पीठासीन अधिकारी श्रीकला सुरेश के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान कुल 122 मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 34.69 करोड़ रुपए की वसूली हुई. लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के परामर्श से किया गया. कार्यवाही की अध्यक्षता पूर्व पीठासीन अधिकारी वी.एन. लोथे पाटिल ने की, साथ ही पैनल के सदस्य व केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक सुधांशु एस. साहू और अधिवक्ता सुनील हुंबरे भी उपस्थित थे.

**मनपा आयुक्त अनमोल सागर के साथ विधायक रईस शेख ने किया दौरा**

# यातायात समस्या के समाधान के लिए वंजारपट्टी से कल्याण नाका तक सर्वेक्षण

- **यातायात समस्या समाधान हेतु मनपा लेगी डब्लूआरएम संस्था की मदद**

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी शहर के नागरिक हमेशा ट्रैफिक जाम और सड़कों पर अतिक्रमण से परेशान रहते हैं. समस्या के समाधान के लिए महानगर पालिका और यातायात पुलिस प्रशासन द्वारा कई उपाय किए जा रहे हैं.वहीं शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगाने के बाद भी कोई अपेक्षित सुधार नहीं हुआ. विधायक रईस शेख ने शहर में यातायात की भीड़ के समाधान के लिए मुंबई में यातायात के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था डब्ल्यूआरएम की मदद ली है. विधायक रईस शेख ने मनपा आयुक्त अनमोल सागर, संगठन प्रतिनिधियों और मनपा अधिकारियों के साथ वंजारपट्टी नाका से कल्याण नाका तक की सड़कों का सर्वेक्षण किया और यातायात की समस्या के समाधान के लिए उपाय खोजने का प्रयास किया.विधायक रईस शेख ने बताया कि,भिवंडी शहर जाम की समस्या से जूझ रहा है.शहर में यातायात की समस्या के समाधान के लिए हम गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं. मुंबई की एक संस्था की मदद ली जा रही है. मनपा प्रशासन, आयुक्त उक्त संबंध में सहयोग कर रहे हैं. सभी के प्रयासों से यातायात की समस्या का समाधान करने में सफलता मिलेगी. ट्रैफिक जाम एक दिन में कम नहीं होगा. एक सर्वेक्षण कर देखा गया कि, ट्रैफिक समस्या निवारण के लिए क्या बदलाव किए जा सकते हैं. शहर में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है. सड़कों पर ट्रैफिक जाम सिर्फ़ अतिक्रमण के कारण ही नहीं, बल्कि सड़क पर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण भी है. कमिश्नर अनमोल सागर ने कहा कि ट्रैफिक जाम का समाधान के लिए अब सड़कों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी तेज़ की जाएगी.

# स्वच्छ वायु के लिए सभी व्यवस्थाओं में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक

- **अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी का वक्तव्य**



**ठाणे.** मनपा सहित विभिन्न व्यवस्थाएँ वायु प्रदूषण को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयासरत हैं। नागरिकों को भी इन प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। सभी के योगदान से वायु को स्वच्छ रखना संभव होगा मनपा के प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने कही।

आम नागरिक घर पर ही अपशिष्ट प्रबंधन की योजना बनाकर, सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करके, पेड़ लगाकर और उनकी देखभाल करके वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयास में अपने तरीके से मदद कर सकते हैं। अतिरिक्त आयुक्त मालवी ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी अभियान तभी सफल होता है जब उसे नागरिकों द्वारा आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मनपा ₹मेरी पर्यावरण प्रतिज्ञा₹ और उसकी पूर्ति शीर्षक से महाविद्यालयों और स्कूलों के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित करेगा। सबसे अधिक प्रतिज्ञाएँ दर्ज कराने वाले महाविद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी विस्तृत जानकारी पर्यावरण विभाग द्वारा जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए वायु प्रदूषण को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की अवधारणा ₹रेसिंग फॉर एयर₹ है, अर्थात स्वच्छ वायु के लिए कार्रवाई और सामूहिक प्रयासों में तेजी लाना। इसके लिए मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने बताया कि मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार मनपा अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, गैर सरकारी संगठनों और छात्रों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य कार्ययोजना के अनुसार मनपा क्षेत्र के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

# स्व. डी.बी. पाटिल के अभिवादन हेतु कार रैली की तैयारियां पूरी

- **रैली में 2 हज़ार से अधिक कारों का होगा काफिला**
- **अब न्याय न मिलने तक जारी रहेगा संग्राम -सांसद बाल्या मामा**



**भिवंडी.** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम दिवंगत लोकनेता डी.बी. पाटिल के नाम पर रखने की मांग को लेकर भिवंडी से नवी मुंबई के जसाई गाँव तक कार रैली की तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं. सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रविवार सुबह 9 बजे मानकोली से शुरू होने वाली इस रैली में 2 हज़ार से ज़्यादा कारें शामिल होंगी. रैली अनुशासित तरीके से भिवंडी से नवी मुंबई में प्रवेश करेगी और जसाई गाँव जाकर डी. बा. पाटिल को श्रद्धांजलि देगी. इसके लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं. न्याय न मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा.केंद्र सरकार को उचित निर्णय लेना चाहिए. उक्त चेतावनी भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार को दी.सांसद म्हात्रे ने कहा कि,डी. बा. पाटिल एक राष्ट्रीय नेता और महान समाज सुधारक थे. अब तक संकीर्ण सोच वाले राजनेताओं ने उन्हें ठाणे और रायगढ़ ज़िलों तक ही सीमित रखा था. लेकिन उनके सामाजिक और राजनीतिक कार्य बहुत बड़े हैं.उनका काम हमेशा से आगरी, कोली और भूमिपुत्रों के लिए प्रेरणादायी रहा है. नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम स्वर्गीय डी. बा. पाटिल के नाम पर रखने की माँग अब हम लाखों आगरी, कोली और भूमिपुत्र बंधुओं के लिए चिंता का विषय बन गई है. अगर हवाई अड्डे का नाम उनके नाम पर नहीं रखा गया, तो लाखों भूमिपुत्र उग्र आंदोलन करेंगे. कार रैली मनकोली मोथागांव रोड से शुरू होकर खारेगांव, कलवा, विटावा, दीघा, ऐरोली नाका, रबाले, घनसोली, कोपरी गांव, पाम बीच रोड, सानपाड़ा, नेरुल, करावे, नवी मुंबई नगर निगम मुख्यालय सर्कल, दावी से रेतीबंदर होते हुए उरण, एयरपोर्ट रेतीबंदर गेट से चिंचपाड़ा, परगांव ओवले, जसाई तक जाएगी. कार रैली मार्ग में जसाई में डी.बी. पाटिल के सम्मान में एक अभिनंदन सभा भी शामिल होगी.

# ठाणे सेंट्रल जेल से हत्या के दो आरोपियों ने की भागने की कोशिश

### फिल्मी अंदाज में पहुंचे वापस जेल




**ठाणे.** ठाणे सेंट्रल जेल में दो अलग-अलग हत्या के मामलों में बंद विजय मिश्रा और आरिफ अनवर अली ने 'योजना' बनाकर जेल से भागने की कोशिश की। लेकिन जेल कर्मचारियों की मदद से उन्हें फिर से पकड़ लिया गया। भागने की कोशिश में दोनों कैदियों ने जेल कर्मचारियों के साथ मारपीट की। ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

ठाणे सेंट्रल जेल में सैकड़ों आरोपी बंद हैं। इनमें से आरिफ अनवर अली के खिलाफ मुंब्रा पुलिस स्टेशन और विजय के खिलाफ पालघर जिले के वाडा पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज है। उन्हें बढ़ईगीरी विभाग में काम दिया जाता है। 9 सितंबर को जेल कर्मचारियों ने जेल के खुले इलाकों, शौचालयों और तटबंध के पास के इलाकों की जाँच शुरू की। उस समय आरिफ और विजय दोनों शौचालय में छिपे हुए पाए गए। कर्मचारी ने तुरंत उन्हें वहाँ से बाहर निकालना शुरू कर दिया। जब वे कुछ दूर निकले ही थे कि आरिफ भागने लगा। जब कर्मचारी ने उसका पीछा करना शुरू किया, तो विजय भी उसी मौके का फायदा उठाकर विपरीत दिशा में भागने लगा। जैसे ही विजय तटबंध की ओर जाने लगा, कर्मचारी ने पहले तो विजय का पीछा करना शुरू कर दिया। विजय बढ़ईगीरी विभाग की खिड़की की ग्रिल के सहारे छत पर चढ़ गया था। कर्मचारी ने सीटी बजाकर और वॉकी-टॉकी से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क कर दिया।

उधर, आरिफ भी सीसीटीवी चैनल की मदद से टावर पर चढ़ गया था। वह दूसरी तरफ कूद गया। कर्मचारी ने सतर्क दृष्टि रखते हुए चाबी की मदद से मुख्य द्वार खोला। इसके बाद, अन्य कर्मचारियों की मदद से आरिफ को हिरासत में लिया गया। तब तक विजय कहीं छिपा हुआ था। जेल की टीम ने उसे अस्पताल के पास खोजना शुरू किया। उस समय, वह लताओं में छिपा हुआ पाया गया। जब टीम उसे हिरासत में ले रही थी, तब उसने हाथ में एक पतरे के टुकड़े से खुद को घायल कर लिया। टीम ने उसके हाथ से पतरे का टुकड़ा छीन लिया और उसे हिरासत में ले लिया। इस मामले में जेल के एक कांस्टेबल ने दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन दोनों कैदियों ने जेल प्रशासन को सकते में डाल दिया था।

# महिला कमर्शियल बुकिंग क्लर्क के साथ दुर्व्यवहार, यात्री गिरफ्तार



**भयंदर.** पश्चिम रेलवे की भयंदर स्थित आरपीएफ टीम ने वसई रोड स्थित राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) टीम के साथ मिलकर मीरा रोड रेलवे स्टेशन पर एक महिला कमर्शियल बुकिंग क्लर्क के साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक यात्री का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया. पश्चिम रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, भयंदर चौकी की आरपीएफ टीम ने जीआरपी वसई रोड के साथ मिलकर आरोपी की पहचान कर उसे सफलतापूर्वक पकड़ लिया.

आरोपी की पहचान मीरा रोड (पूर्व) निवासी 48 वर्षीय अशलम अनवर खान के रूप में हुई है. पूछताछ के दौरान, आरोपी खान ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. इसके बाद, जीआरपी/वसई रोड के पुलिस निरीक्षक ने आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया. आरपीएफ भयंदर और जीआरपी वसई रोड द्वारा की गई यह त्वरित और समन्वित कार्रवाई न केवल यात्रियों, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है. इस मामले में पश्चिम रेलवे की त्वरित कार्रवाई ने यात्रियों और कर्मचारियों, दोनों की गरिमा और सुरक्षा की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर किया. आरपीएफ भयंदर और जीआरपी वसई रोड के समन्वित प्रयास इस बात को रेखांकित करते हैं कि अधिकारी रेलवे परिसर में इस तरह के दुर्व्यवहार को कितनी गंभीरता से संबोधित कर रहे हैं.

# जिला स्तरीय कला उत्सव में SST महाविद्यालय का डंका





**उल्हासनगर.** बी. एन. बांदोडकर महाविद्यालय में हाल ही में संपन्न हुए जिल्हास्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में एसएसटी महाविद्यालय की संजीवनी सांस्कृतिक समिति के विद्यार्थियों ने सफलता की परंपरा कायम रखते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में एसएसटी कनिष्ठ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने माइम (मूक नाटक) प्रकार में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही समूह नृत्य प्रतियोगिता में भी पहला पुरस्कार जीता। इसके अलावा एकल शास्त्रीय नृत्य (कथक) प्रकार में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय ने कला क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई। समूह नृत्य में कृतिका शुक्ला, राधा कुंभार, वांशिका मुने और जान्हवी सेठी ने दमदार प्रस्तुति दी। मूक नाटक में तुलसी तलवार, वैभवी रोकड़े, अरविंद मोरे और जनार्दन पवार ने उत्कृष्ट अभिनय प्रस्तुत कर पहला पुरस्कार हासिल किया। कथक इस शास्त्रीय नृत्य प्रकार में भी विद्यार्थियों ने शानदार कला प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विविध कलाओं में निपुण इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों से जिल्हास्तरीय स्तर पर एसएसटी महाविद्यालय का नाम गूंज उठा। उनकी इस सफलता की सर्वत्र सराहना की गई तथा संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### दास्तान फाटा में मिला युवक का शव

**नवी मुंबई.** दास्तान फाटा इलाके में एक अज्ञात युवक का शव मिला, जिसे उरण पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. सहायक पुलिस निरीक्षक स्वप्निल केदार ने मीडिया को बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 साल है. उन्होंने बताया कि मृतक के पास से ऐसी कोई चीज नहीं मिली है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके.

उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास इस व्यक्ति के बारे में अधिक जानकारी है, तो वे उरण पुलिस स्टेशन में संपर्क करें.

## जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रईस कालेज को प्रथम पुरस्कार



**भिवंडी.** भिवंडी निज़ामपुर शहर महानगरपालिका और थाना जिला खेलकूद विभाग द्वारा रईस हाईस्कूल ग्राउंड पर अंतर-विद्यालयीन फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया.

भिवंडी तालुका के 18 स्कूलों से लड़कों की कुल 18 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. रईस हाईस्कूल और जूनियर कॉलेज, भिवंडी की ओर से लड़कों की टीम ने कप्तान उस्मान के मार्गदर्शन में 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लिया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीतकर डिवीजनल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया. छात्रों को ज़ाकिर अंसारी, मुसय्यब मोमिन और इकरा शेख द्वारा प्रशिक्षित किया गया था. छात्रों की इस शानदार सफलता पर केएमई सोसायटी अध्यक्ष अल्माज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे, खेल समिति के चेयरमैन दानिश मदू, रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और पूरे स्टाफ ने सफल छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी है.

# राजनीति में आने से नुकसान हुआ : स्मृति

- **पिता के पैसे नहीं लौटाती तो उनकी पसंद के लड़के से शादी करनी पड़ती**

एक्ट्रेस-पॉलिटिशियन स्मृति ईरानी छोटे पर्दे पर अपने आइकॉनिक टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। टीवी इंडस्ट्री से राजनीति और राजनीति से वापस टीवी में आई स्मृति ईरानी ने सोहा अली खान के शो 'ऑल अबाउट हर' में अपने करियर पर खुलकर बात की। राजनीति करियर पर बात करते हुए स्मृति ईरानी ने बताया कि राजनीति में आने से नुकसान हुआ है। एक्ट्रेस ने करियर के शुरुआती दिनों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिता से लोन लिया था। अगर एक साल के अंदर लोन नहीं चुकाती तो उन्हें पिता के चुने हुए लड़के से शादी करने पड़ती।



स्मृति ईरानी ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने अपने पिता से एक साल के लिए लोन लिया था, जिसके बदले में उन्होंने मुझसे वादा लिया था कि अगर मैं यह लोन नहीं चुकाती तो, मुझे उनके चुने हुए लड़के से शादी करनी पड़ेगी। दरअसल, मिस इंडिया के लिए सेलेक्ट होने के बाद स्मृति को कॉम्पिटिशन में भाग लेने के लिए एक लाख रुपए की जरूरत थी। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने पिता से लोन के तौर पर पैसे लिए, लेकिन उन्होंने पैसे देने के साथ शर्त रख दी। पिता ने कहा कि तुम्हें इंटरेस्ट के साथ पैसे लौटाने होंगे और अगर नहीं लौटा पाई तो फिर मैं अपनी पसंद के लड़के के साथ तुम्हारी शादी कर दूंगा। स्मृति ईरानी पिता की यह बात मान गईं।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में SST महाविद्यालय ने हासिल की सफलता



**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय की फुटबॉल टीमों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। कनिष्ठ महाविद्यालय की बालिकाओं की फुटबॉल टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया, वहीं बालकों की फुटबॉल टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और टीम भावना से प्राप्त यह सफलता उल्लेखनीय रही। महाविद्यालय के प्रबंधन और अध्यापकवर्ग की ओर से विजयी खिलाड़ियों का हार्दिक अभिनंदन किया गया तथा भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस सफलता से एसएसटी कनिष्ठ महाविद्यालय के विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और भी बढ़ा है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी खेलकूद के क्षेत्र में प्रेरणा मिली है। कनिष्ठ महाविद्यालय के खेल विभाग के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों द्वारा किए गए अनुशासित अभ्यास और मेहनत का फल ही यह सफलता है, ऐसा प्राचार्य ने व्यक्त किया।

### चोर उड़ा ले गए कार और बाइक

**पनवेल.** पनवेल शहर में कार और बाइक की चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है, जिसकी शिकायत पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है. पनवेल शहर पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार पनवेल स्थित आशियाना सोसायटी के गेट के पास सड़क पर खड़ी एक कार को चोर उड़ा ले गए. पुलिस ने बताया कि यह कार सुनील बोर्डे की है, जिसकी चोरी के संबंध में उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने बताया कि वाहन चोरी की दूसरी घटना पनवेल शहर के कर्नाला सब्जी मार्केट क्षेत्र में हुई, जहां से चोर दत्तात्रेय येवले की बाइक चुरा ले गए.


# जबरन वसूली की कोशिश नाकाम

**मुंबई.** जोगेश्वरी में एक कपड़ा दुकानदार ने बीएमसी कर्मचारी बनकर आए दो लोगों को पुलिस के हवाले करके जबरन वसूली की कोशिश नाकाम कर दी। घटना गुरुवार को हुई जब आरोपी 39 वर्षीय चिराग कंटारिया की दुकान पर पहुंचे और अग्नि सुरक्षा उपायों में अनियमितताओं का दावा किया। उन्होंने 5,000 रुपये की मांग की। जब कंटारिया ने रसीद मांगी, तो उनमें से एक ने कहा कि आधिकारिक तौर पर जारी होने पर राशि दोगुनी हो जाएगी। कंटारिया ने अपनी पत्नी पूजा और दोस्त आतिश तिवारी को मदद के लिए बुलाया। दोनों द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्रों की जांच करने पर, तिवारी को फर्जी दिखने वाली वैधता तिथियों सहित विसंगतियां मिलीं। बीएमसी संपर्क को एक त्वरित कॉल ने इस घटना को धोखाधड़ी के मामले के रूप में पुष्टि की। बाद में उनकी पहचान अंधेरी पूर्व निवासी 40 वर्षीय उमेश ठाकुर और जोगेश्वरी पूर्व निवासी 27 वर्षीय हर्षद कटपारा के रूप में हुई।


**CHANGE OF NAME**

I Declare My Old Name from
**AMIR KHUSHROO**
to now My New Name is
**AMIR KHUSROO.**
So all the public now call me
**AMIR KHUSROO.**
(Add: Vill- Doma Hata, P.O. and P.S-Hathua, Gopalganj, Bihar-841436).

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
उल्हास वि NEWS LIVE
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe


Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

Staff Required
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099